अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - ※मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 347 | इंदौर, बुधवार 02 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मध्य प्रदेश में लोकायुक्त-EOW अधिकारियों के तबादले, ग्वालियर-उज्जैन-जबलपुर के एसपी बदले




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। राज्य सरकार ने मंगलवार देर रात लोकायुक्त संगठन और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) में पदस्थ अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार, राज्य पुलिस सेवा के 10 अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर के लोकायुक्त एसपी और ईओडब्ल्यू अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

आदेश के अनुसार लोकायुक्त ग्वालियर के एसपी राजेश कुमार मिश्रा को पीएचक्यू में एआईजी बनाया गया है। वहीं, एएसपी जबलपुर समर वर्मा को एसपी ईओडब्ल्यू उज्जैन, एसपी लोकायुक्त उज्जैन अनिल विश्वकर्मा को एसपी ईओडब्ल्यू जबलपुर, ईओडब्ल्यू मुख्यालय भोपाल एआईजी पल्लवी त्रिवेदी को एआईजी पीएचक्यू, एसपी लोकायुक्त जबलपुर संजय साहू को एआईजी पीएचक्यू, एआईजी अईओडब्ल्यू भोपाल सुनील पाटीदार को एसपी लोकायुक्त रीवा, उपसेनानी छठवी वाहिनी एसएएफ जबलपुर अंजुलता पटले को एसपी लोकायुक्त जबलपुर, एएसपी क्यूडी पीटीसी भौंरी यास्मीर जहरा जमाल को एआईजी पीएचक्यू, एएसपी ग्वालियर निरंजन शर्मा को एसपी लोकायुक्त ग्वालियर और एएसपी उपायुक्त जोन-4 नगरीय पुलिस इंदौर आनंद यादव को एसपी लोकायुक्त उज्जैन बनाया गया है।

## पांच देशों की यात्रा पर मोदी, घाना के लिए रवाना; ब्रिक्स सम्मेलन में करेंगे शिरकत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वह दो से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान छह और सात जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

# हिमाचल में बादल फटने से बाढ़, 5 लोगों की मौत

## 16 लापता, 100 गांवों में बिजली नहीं; MP के ज्यादातर जिलों में सुबह से बारिश जारी





**नई दिल्ली, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार (30 जून) की रात बादल फटने की 10 घटनाएं हुई थीं। इसके कारण आई बाढ़ के कारण 16 लोग लापता हो गए। मंगलवार शाम तक 5 शव बरामद हुए। 11 की तलाश जारी है।**

मंडी के कथुनाग में कई घर बाढ़ में बहे हैं। मंडी के करसोग, धर्मपुर, बगशयाड़, थुनाग, गोहर क्षेत्र के 100 से ज्यादा गांवों में 24 घंटे से ज्यादा समय से ब्लैक आउट है। राज्य में आज भी तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।



UP के वाराणसी में गंगा का जलस्तर 50mm प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। 24 घंटे में जलस्तर 2 मीटर तक बढ़ा है। पानी मणिकर्णिका घाट तक आ गया है, जिससे गंगा द्वार का घाट से संपर्क टूट गया है। लखीमपुर में शारदा नदी उफान पर है। राजस्थान के भरतपुर में तेज बारिश के बाद शहर की ज्यादातर सड़कों पर 2 फीट से ज्यादा पानी भर गया। भरतपुर समेत 4 जिलों में 24 घंटे में 2 इंच बारिश हुई है। मध्य प्रदेश के आधे हिस्से में बुधवार की सुबह से बारिश जारी है। राज्य में अगले 4 दिन बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक**

# 'एक बगिया मां के नाम' बनेगी आजीविका का नया माध्यम, महिलाएं होंगी लाभान्वित

### ◆ सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समितियों का होगा गठन

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 'एक बगिया मां के नाम' से नई योजना आरंभ की जा रही है। इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे। इस योजना में हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास,



नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा भोपाल में

डिप्टी सीएम शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर का कैम्पस भोपाल के लिए स्वीकृत हुआ है। इसके लिए 10 एकड़ जमीन आरजीपीवी कैम्पस में दी जाएगी। जब तक RRU का अपना भवन नहीं बनेगा, तब तक आरजीपीवी के भवन से संचालित किया जाएगा। जब रक्षा विश्वविद्यालय अपना कैम्पस तैयार कर लेगा, तो वहां शिफ्ट हो जाएगा। इस संस्थान के आने से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रोजगार और कौशल के लिए एमपी के बच्चों को मौका मिलेगा। राज्य और राष्ट्र स्तर के मामले में मजबूती मिलेगी। हायर एजुकेशन के क्षेत्र में भी इससे प्रगति होगी। भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की स्थापना के लिए तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक करोड़ 5 लाख रुपये दिए जाएंगे।

### यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन 30 जून को पूर्ण हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन 30 जून को पूर्ण कर लिया गया है, इससे प्रदेश को 40 साल पुराने इस कलंक से मुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में हुए रीजनल इंडस्ट्रीज स्किल एंड एंप्लॉयमेंट कॉन्क्लेव (RISE) तथा गुजरात के सूरत में आयोजित निवेशक संवाद कार्यक्रम की उपलब्धियों से मंत्रीगण को अवगत कराया।

# खजराना गणेश मंदिर को मिली 5 स्टार रेटिंग

## प्रदेश का पहला पांच सितारा मंदिर बना





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर को भारत व दुबई में कार्यरत कंपनी दी पेट्रोन्स वर्ल्ड ने 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया है। श्री खजराना गणेश मंदिर इंदौर सहित प्रदेश का पहला पांच सितारा मंदिर कहलाऐगा। यह अवॉर्ड कंपनी के सीईओ और कंट्री हेड की उपस्थिति में मंदिर समिति को दिया गया। अवॉर्ड को भगवान गणेश के चरणों में समर्पित किया गया।**

लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर को 5 स्टार रेटिंग का सम्मान मिला है। मंदिर के पुजारी पं.अशोक भट्ट ने बताया कि दी पेट्रोन्स वर्ल्ड के सीईओ संजय तिवारी, कंट्री हेड कृपाशंकर दुबे, मनोज वाणी और कुमार अशोक की उपस्थिति में ये अवॉर्ड मंदिर समिति को दिया गया। इसके बाद ये अवॉर्ड भगवान गणेश के चरणों में समर्पित किया गया और विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा कंपनी के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत मंदिर के मुख्य पुजारी पं.अशोक भट्ट, जयदेव भट्ट ने किया। कंपनी के अधिकारियों को मंदिर प्रागंण का भ्रमण भी कराया गया।कम्पनी के सीईओ संजय तिवारी और कंट्री हेड कृपाशंकर दुबे के अनुसार, खजराना श्री गणेश मंदिर की ख्याति देश विदेश में है। यह मंदिर स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और पवित्र है। यहां की सुंदरता, स्वच्छता, सर्विस, पवित्रता, प्रबंधन, और सुविधाओं के आधार पर ही इस मंदिर को 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। भविष्य में इस तरह की रेटिंग देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों को प्रदान की जाएगी। श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति के मैनेजर घनश्याम शुक्ला, गौरीशंकर मिश्रा, राजेश वर्मा,आकाश राठौर, रवि प्रकाश सिंह,सफाई सुपर वाइजर गोपाल पांडे भी उपस्थित थे। बता दे कि इस कंपनी के अफसर पिछले कुछ समय से लगातार मंदिर में संचालित की जा रही गतिविधियों को लेकर सूक्ष्म अवलोकन कर रहे थे। जिसके बाद खजराना गणेश मंदिर सभी पैमाने पर खरा उतरा और उसे 5 स्टार रेटिंग मिली है।

# खजराना गणेश का बनेगा नया स्वर्ण मुकुट

### नए मुकुट बनाने के लिए भी 10 सदस्यों की समिति बनाई



**इंदौर। इंदौर के खजराना गणेश का नया सोने का मुकुट बनेगा। इसकी डिजाइन भी फाइनल हो गई है। पहले करीब 3 किलो चांदी का मुकुट बनेगा। इसे भगवान को पहनाकर देखा जाएगा। डिजाइन और साइज सभी ठीक रहा तो इसी डिजाइन का सोने का मुकुट तैयार किया जाएगा।**

भगवान के पुराने सोने के एक मुकुट में क्रैक आ गया था, जिसके चलते नया सोने का मुकुट बनाने का निर्णय कुछ समय पहले लिया गया। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया है। भगवान गणेश के साथ ही रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ के भी नए मुकुट तैयार किए जाएंगे। करीब 6-7 किलो सोने का भगवान गणेश का मुकुट तैयार किया जाएगा। बता दें, इंदौर का खजराना गणेश मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। रोजाना हजारों भक्त यहां भगवान के दर्शन को आते हैं। त्योहार पर ये संख्या काफी बढ़ जाती है। गणेश चतुर्थी, तिल चतुर्थी पर बड़ी संख्या में भक्त यहां भगवान के दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा नए साल पर भी काफी संख्या में यहां भक्त आते हैं। वहीं, बुधवार और रविवार को भी यहां भक्तों की संख्या बाकी दिनों से ज्यादा रहती है।मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि खजराना गणेश के आभूषण और मुकुट ट्रेजरी में रखे हैं। पुराने मुकुट 1-1 किलो है। ये कम वजन के हैं। इसमें से एक मुकुट क्रैक भी हो गया है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर आशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने प्रबंध समिति में यह निर्णय लिया था कि भगवान गणेश के नए और वजनदार मुकुट बनवाएंगे। नए मुकुट बनाने के लिए भी 10 सदस्यों की समिति बनाई है, जिसमें मंदिर के दो पुजारी, दो मैनेजर, निगम और ट्रेजरी के अधिकारी और सराफा के दो ज्वेलर शामिल हैं। समिति इस पर काम कर रही है।

# मल्हारगंज तहसील का नया कार्यालय शुरू, 20 गांवों के किसानों को मिलेगी राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सुपर कॉरिडोर पर बनाए गए मल्हारगंज तहसील के नए भवन में कामकाज शुरू कर दिया गया है। इससे 20 गांवों के किसानों को फायदा होगा और जरूरी काम के लिए शहर तक आने की आवश्यकता नहीं होगी। लंबे समय से किसान नए भवन में कार्यालय शुरू करने की मांग कर रहे थे, जो अब जाकर शुरू हुआ है। यहां पहले दिन ही सर्वर और बिजली की समस्याएं सामने आई। इसके लिए अब ईंवर्टर और नेटवर्क के लिए नए कनेक्शन की व्यवस्था की जा रही है।**

मल्हारगंज तहसील का नया भवन करीब एक वर्ष पहले बनकर तैयार हो गया था, लेकिन यहां प्रशासनिक संकुल स्थित तहसील कार्यालय को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा था। विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भवन का लोकार्पण करने के बाद यहां पर तहसील कार्यालय का सामान स्थानांतरित कर कामकाज शुरू कर दिया गया। तहसील कार्यालय के दस्तावेज बस्तों में बांधकर नए भवन में पहुंचा दिए गए है। वहीं, जिन दस्तावेज की आवश्यकता नहीं थी, उनको रिकॉर्ड रूम में रखवाया गया है। दो मंजिला भवन में तहसील और एसडीएम कार्यालय बनाए गए है। इससे किसानों का समय बचेगा और काम जल्द हो सकेगा। किसान कमल सिंह डाबी का कहना है कि किसानों को नामांतरण, खसरा नकल जैसे कार्यो के लिए मोती तबेला स्थित कलेक्टर कार्यालय जाना पड़ता था। इससे पूरा दिन खराब हो जाता था। अब यहां कुछ घंटों में काम हो जाएगा।

# डॉक्टर्स जीवन के रक्षक सीए आर्थिक संरक्षक

## नगर निगम ने किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम ने सोमवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया। नगर निगम मुख्यालय स्थित अटल सभागार में ये आयोजन हुआ, इसमें डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। उनके सामाजिक और पेशेवर योगदान के लिए उन्हें मोमेंटो, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में ये आयोजन हुआ।**




इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्ग ने कहा कि डॉक्टर्स हमारे जीवन के रक्षक हैं और सीए हमारे आर्थिक संरक्षक है। दोनों ही समाज के अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि नगर निगम हर वर्ष 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे और सीए डे को संयुक्त रूप से मनाता आया हैं और यह क्रम जारी रहेगा, ताकि समाज में इन दो प्रमुख पेशों के योगदान को समर्पित भाव से पहचाना जा सके। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों ही ऐसे पेशेवर हैं जो समाज की भलाई के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा करते हैं। स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों की चिंता करने वाले एक ही दिन सम्मानित हो, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह प्रयास है कि प्रोफेशनल्स केवल अपने कार्यक्षेत्र तक सीमित न रहें, बल्कि वे समाज और राजनीति से भी जुड़ें। महापौर ने बीते 2 वर्षों के दौरान नगर निगम की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कैसे लोगों के साथ मिलकर इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाया गया और आज देश की तमाम बड़ी कंपनियां इंदौर का रुख कर रही हैं। इधर, मीडिया से चर्चा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कमाल ने भी कहा था कि हमारे जो सीए है वह हमारे देश के अकाउंट्स और देश के अच्छे काम का भी बैलेंस रखते है। वहीं जो डॉक्टर्स है जिनको हमने कोरोना काल में भी देखा, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा करने का काम किया। यह जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि उनके अच्छे काम का सम्मान करें। इसलिए पिछले तीन सालों से नगर निगम चुनिंदा डॉक्टर्स और सीए का सम्मान शुरू किया। यह एक प्रयास है प्रोफेशनल्स को इंदौर शहर के काम से जोड़ने को। यह एक प्रयास है प्रोफेशनल्स को सामाजिक और राजनैतिक सरोकार से जोड़ने का और अपने शहर में हो रहे कामों की जानकारी देने का।

### टोल वसूली की लालच में गई जान

# एनएचएआई अधिकारियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर बायपास पर लगे जाम में हुई एक व्यक्ति की मौत और चोरल की सुरंग ढह जाने से हुई दो लोगों की मौत के मामले में एनएचएआई के अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठ रही है।**

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारी सुरेश बांझल एवं वी. नागेश्वरम पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टोल कंपनी को फायदा पहुंचाने की कोशिश में बायपास पर जाम लगा है। बायपास और पुराने मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर



एनएचएआई 20-25 साल से टोल वसूल कर रहा है। इसके रखरखाव के साथ अन्य जवाबदारी भी इसी विभाग की है। इसके बाद भी अधिकारियों ने टोल कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए नेताओं के साथ सांठगांठ करके मांगलिया व्यासखेड़ी रोड को बंद करवा दिया। इसके कारण निरंजनपुर से देवास तक जाम लगा और उसके साथ ही बायपास के ऊपर भी महाजाम लग गया। मंडलोई ने बताया कि गाड़ियां वैकल्पिक रास्तों से जाती तो टोल नहीं मिलता, गाड़ियों को टोल वाले रास्ते से जबरदस्ती गुजारा गया, जिससे जाम लगा और लोग परेशान हुए। मंडलोई ने बताया कि इतना हल्ला होने के बाद सर्विस रोड सुधारा गया, जबकि अधिकारियों का काम था पहले वैकल्पिक रास्तों का सीमेंटीकरण करते एवं अन्य रास्तों को सुधारते। इसके बाद पुल-पुलियाओं का काम चालू करते। ठेकेदार और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने अपना हित साधने के लिए वैकल्पिक रास्तों का निर्माण नहीं किया और न ही अन्य रास्ते सुधारे। चोरल में सुरंग बनाते समय दो मजदूरों की मौत का मामला भी गंभीर है। इसमें भी दोषी अधिकारियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। देवास नाका के रहवासी अभय बाथम ने कहा कि क्या सड़क नेताओं और अधिकारियों ने अपने लिए बनवाई है। कह रहे हैं कि लोग सड़क पर जल्दी क्यों निकलते हैं। सड़क पर जल्दी निकलें या देर से निकलें, सड़क जनता के लिए है या फिर सिर्फ वीआईपी के लिए। कुछ कहने से पहले भी सोचना चाहिए। इस तरह के बयान देने वालों पर भी कार्रवाई होना चाहिए।

## इंदौर-चंडीगढ़ के बीच 14 जुलाई से डेली फ्लाइट



**इंदौर। इंदौर से चंडीगढ़ हवाई यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है। इंदौर से सबसे अधिक उड़ानों का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस 14 जुलाई से इस रूट पर डेली उड़ान शुरू करने जा रही है। अभी यह फ्लाइट सप्ताह में केवल 3 दिन संचालित होती है, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए कंपनी ने इसे सप्ताह में सातों दिन संचालित करने का निर्णय लिया है।**

इंदौर ट्रेवल एजेंट्स प्रदीप पालीवाल ने बताया कि लंबे समय से दोनों शहर के बीच में उड़ान को डेली संचालित करने की मांग कर रहे थे। अब हमारे इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए इंडिगो ने इस उड़ान की बुंकिग भी शुरू कर दी है। इससे दोनों शहरों के बीच व्यापारिक और पारिवारिक यात्राओं को सुविधा मिलेगी। इस कदम से इंदौर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी में भी इजाफा होगा। एजेंट ने बताया कि इंदौर से चंडीगढ़ के लिए अब रोजाना उड़ान मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। कंपनी पहले सप्ताह में तीन दिन इसे चंडीगढ़ तो तीन दिन इसे जम्मू के लिए संचालित करती थी, लेकिन अब कंपनी ने जम्मू उड़ान को बंद कर दिया है, जिसके बाद इस उड़ान को रोजाना संचालित करने का निर्णय लिया है। बिजनेस के सिलसिले में लगातार चंडीगढ़ जाने वाले परमजीत सिंह ने बताया कि मुझे अक्सर चंडीगढ़ जाना होता है। हफ्ते में सिर्फ तीन दिन की उड़ान से बहुत दिक्कत होती थी। फ्लाइट के हिसाब से शेड्यूल करना होता था। जरूरी होने पर दिल्ली होकर आना होता था। अब नियमित सेवा शुरू होगी तो काफी राहत मिलेगी।

# पालकों द्वारा चाहे जाने पर स्कूली बच्चों को टीसी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) देना अनिवार्य

### टीसी नहीं देने पर होगी कार्यवाही

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आमजन से रूबरू होकर सुनी समस्याएं

**जनसुनवाई सम्पन्न**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जिले के सभी स्कूलों को निर्देशित किया है कि वे पालकों द्वारा चाहे जाने पर बच्चों को टीसी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) अनिवार्य रूप से देवें। आवेदन पर टीसी नहीं देने वाले स्कूल संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है वे जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का पूर्ण गंभीरता के साथ सकारात्मक रूप से समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।**



कलेक्टर कार्यालय में आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के समक्ष अग्रवाल पब्लिक स्कूल के कुछ पालक आये और उन्होंने बताया कि उनके बच्चों को स्कूल द्वारा टीसी नहीं दी जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को इस मामले की जांच कर पालकों को नियमानुसार तुरंत टीसी दिलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस तरह की समस्याएं अन्य स्कूलों में भी नहीं होना चाहिए। जनसुनवाई में भूमि और प्लॉट संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आये। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि भूमाफियाओं के विरूद्ध इंदौर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। अनियमितताएं और प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने अनेक मामलों में दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन नौकरी हेतु आवेदन लेकर आये, जिनके लिए संबंधित विभाग को कौशल विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। उन्होंने नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका संवेदनशीलता के साथ हाथों-हाथ निराकरण किया। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो सकी, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। जनसुनवाई में आवास, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, निजी भूमि पर अतिक्रमण, बीमार व्यक्ति को आर्थिक सहायता आदि संबंध में आवेदन आयें। जनसुनवाई में प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई। निर्देश दिए गये कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सकते, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर, समय-सीमा में सकारात्मक समाधान किया जाए। जनसुनवाई में आए हर आवेदन का फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी आवेदक को दोबारा परेशानी का सामना न करना पड़े। त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं मध्यस्थता केंद्रों को प्रेषित किए गए है ताकि निर्धारित समय-सीमा में इनका निराकरण हो सकें। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

### न्यायालय परिसर में हरियाली की ओर एक कदम

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) द्वारा नवीन न्यायालय भवन (निर्माणाधीन स्थल) में एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।



यह आयोजन प्रशासनिक न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खंडपीठ के अन्य न्यायाधीशगण एवं जिला न्यायालय इंदौर के न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी न्यायाधीशों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सक्रिय सहभागिता ने इस पहल को प्रेरणास्पद और विशेष महत्व प्रदान किया।

### कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आरटीओ इंदौर ने की स्कूली वाहनों पर कार्यवाही

## 10 वाहन जब्त, वसूला 70 हजार रूपये से अधिक जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा स्कूली वाहनो की विशेष चेकिंग की जा रही है । जिसमें वाहन की गति ,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पलकों से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कार्यवाही निरन्तर जारी है। शहर में अलग अलग क्षेत्र जैसे विजयनगर, पिपलियाहाना, रिंग



रोड क्षेत्र में संचालित स्कूली की वाहनों की चेकिंग की गई । इस दौरान 10 स्कूली वाहन ओमनी वेन, ऑटो बिना दस्तावेज के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाए गए, जिन्हें जब्त किया गया। इन वाहनों में बच्चे भी क्षमता से अधिक थे। इन पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कर 70 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# मप्र के 18 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

## भोपाल में सुबह से हो रही बारिश,4 दिन बदला रहेगा मौसम

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। बुधवार को 18 जिलों में अति भारी या भारी बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल में सुबह से जोरदार बारिश हो रही है। 8 जिले ऐसे हैं, जहां 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 दिन तक प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। इसकी वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा। बुधवार को जिन आठ जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट है, उनमें नीमच, मंदसौर, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट शामिल हैं। भोपाल, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, शिवपुरी, निवाड़ी, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश होने की संभावना है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।



### अगले चार दिन में और स्ट्रांग होगा सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार, एक मानसून टर्फ एमपी के ऊपर से गुजर रही है। वहीं, एक अन्य टर्फ और एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) भी एक्टिव है। इस वजह से तेज बारिश का दौर चल रहा है। यह सिस्टम और स्ट्रॉन्ग होगा। इससे अगले 4 दिन तक तेज बारिश जारी रहेगी। 5 जुलाई को सिस्टम सबसे ज्यादा स्ट्रॉन्ग रहेगा। इस दिन के लिए कुल 48 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है।

### बालाघाट में पौने 2 इंच बारिश

प्रदेश में मंगलवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। राजधानी भोपाल में दोपहर में कुछ देर के लिए बारिश हुई। वहीं, बालाघाट में सबसे ज्यादा पौने 2 इंच पानी बरस गया। सीधी में सवा इंच, श्योपुर-सिवनी में 1 इंच, बैतूल, शिवपुरी-मंडला में पौन इंच और पचमढ़ी, छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर में आधा इंच पानी गिरा। दतिया, गुना, नर्मदापुरम, छतरपुर, रायसेन, जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया, मऊगंज, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, सीहोर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा।

### प्रदेश में अगले चार दिन ऐसा रहेगा मौसम

2 **जुलाई** : नीमच, मंदसौर, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, मंडला,डिंडौरी और बालाघाट में अति भारी बारिश का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भोपाल, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, शिवपुरी, निवाड़ी, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश होने की संभावना है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

3 **जुलाई** : सिंगरौली में अति भारी बारिश हो सकती है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, गुना, विदिशा, नीमच, छतरपुर, दमोह, जबलपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, कटनी, उमरिया, शहडोल, मंडला और अनूपपुर में भारी बारिश का अलर्ट है।

4 **जुलाई** : जबलपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज और सीधी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर, झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, धार, राजगढ़, हरदा, सीहोर, विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, मैहर, सिंगरौली, निवाड़ी, छतरपुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड में भारी बारिश का अलर्ट है।

5 **जुलाई** : नीमच, मंदसौर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सागर,दमोह, सतना, सीधी, सिंगरौली, कटनी, उमरिया, सिवनी और मंडला में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, जबलपुर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, मऊगंज, रीवा, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर में भारी बारिश हो सकती है।

◆ जल जीवन मिशन से जुड़े घुस मामले में मंत्री संपतिया उइके ने दी सफाई

## 'मुझे बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पूर्व विधायक किशोर समरीते द्वारा मंत्री संपतिया उइके पर जल जीवन मिशन से जुड़े 1000 करोड़ रुपये की घूस लेने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि अब खुद मंत्री संपतिया उइके ने इस मामले में अपनी सफाई दी है। मंत्री उइके ने कहा कि मैं जनता की सेवा कर रही हूं। इस मामले में मेरा जवाब मुख्यमंत्री देंगे।



जल जीवन मिशन से जुड़े 1000 करोड़ रुपये की घूस लेने के गंभीर आरोपों पर मंत्री संपतिया उइके ने सफाई दी है। मंत्री उइके ने कहा कि मैं जनता की सेवा कर रही हूं। इस मामले में मेरा जवाब मुख्यमंत्री देंगे। मुझे बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है और यदि किसी के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो उसकी जांच जरूर होती है। मंत्री उइके ने बताया कि वह इस मुद्दे को कैबिनेट बैठक में भी उठाएंगी और प्रेस वार्ता कर एक-एक सवाल का जवाब देंगी। दरअसल, मध्यप्रदेश की आदिवासी मंत्री संपतिया उइके पर जल जीवन मिशन से जुड़े 1000 करोड़ रुपये की घूस लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। ये आरोप पूर्व विधायक किशोर समरीते ने लगाए हैं, जिनकी शिकायत के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार ने खुद अपनी मंत्री के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अब पीएचई विभाग के अधिकारी पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

## ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो।**



ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो और ग्राम 'वृन्दावन' के रूप में साकार हो सके।

## प्रदेश के 6 शहरों में दौड़ेंगी 582 बसें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में ईवी को को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 तैयार की गई है। इसमें सरकार के द्वारा छूट देने की व्यवस्था की गई है। बड़े शहरों में परिवहन सेवा के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसें संचालित होंगी। अभी इंदौर में 80 रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत 6 शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों का संचानल तैयार करके प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें केंद्रीय शहरी मंत्रालय दिल्ली से स्वीकृति मिल गई है। इंदौर में 150, भोपाल में 100, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 100, सागर में 32 और उज्जैन में 100 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने का प्रस्ताव है।

## डेंगू माह के पहले ही दिन डेंगू ने ली डॉक्टर की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जुलाई माह डेंगू नियंत्रण माह के रूप में स्वास्थ्य विभाग मनाता है और माह के पहले ही दिन मंगलवार को शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. गोपाल पोल की डेंगू से मौत की खबर ने चिकित्सा जगत सहित सभी को स्तब्ध कर दिया है। मंगलवार को चिकित्सक दिवस भी मनाया जा रहा है। शहर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत डॉ. गोपाल पोल का डेंगू से निधन ने स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की डेंगू नियंत्रण की तैयारियों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। डॉ. गोपाल पोल शहर के उन चुनिंदा चिकित्सकों में से थे, जिन्होंने अपनी सेवा और समर्पण से जनमानस में एक विशिष्ट स्थान बनाया था। उनके निधन से चिकित्सा समुदाय के साथ-साथ उनके मरीज और शहर के लोग आश्चर्यचकित हैं। बताया जा रहा है कि डेंगू के लक्षणों के बाद उन्हें निजी अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी जान बचाने के लिए प्रयास कर रही थी। हालांकि, गंभीर स्थिति के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। शहर में डेंगू के मामलों में कमी का दावा किया जा रहा था।

## बिजली बिल देखकर तबीयत बिगड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गए हैं। बिजली वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के घर-घर पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए। दावा किया गया था कि इनसे बिलिंग पारदर्शी होगी, लेकिन हकीकत में आम लोगों को लाखों रुपए के बिल थमा दिए गए। शहर में होमगार्ड रोड निवासी बुजुर्ग मुरारीलाल तिवारी को 69 लाख 75 हजार का बिजली बिल मिला, जिसे देखकर उनकी तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल तक जाना पड़ा। तिवारी के पड़ोसी को भी 68 लाख रुपए का बिल भेजा गया। वहीं झुग्गी बस्तियों में मजदूर परिवारों को भी 7-7 लाख रुपए के बिल थमा दिए गए।

## संपादकीय

### भारत और अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में बढ़ रहे आगे

भारत और अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को लेकर 10 सालों के फ्रेमवर्क की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए इस वक्त वॉशिंगटन डीसी में हैं। इस दौरान उनकी अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ से मुलाकात हुई । भारत में अमेरिकी दूतावास के एक बयान के मुताबिक, अमेरिकी और भारतीय समकक्ष ने माना कि दोनों, देश सुरक्षा चिंताओं को समझते हैं। दोनों ही देशों में इस चुनौती का सामना करने की क्षमता है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच उपकरणों को सफलतापूर्वक शामिल किए जाने की भी चर्चा हुई थी। अमेरिकी पक्ष ने भारत की इन्वेंटरी में अमेरिकी डिफेंस आइटम्स के इंटीग्रेशन से खुशी जताई। हेगसेथ ने कहा कि ऐसे में उम्मीद है कि अमेरिका भारत को निलंबित पड़ी यूएस डिफेंस खरीद को पूरा कर पाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हम अपने साझे डिफेंस इंडस्ट्रियल विकास को विस्तार दे पाएंगे और साथ ही जल्द औपचारिक तौर पर 10 सालों के लिए यूएस इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप पर औपचारिक तौर पर मुहर लगा पाएंगे। बयान आगे कहता है कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई बैठक में, दोनों नेताओं ने जैवलिन एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और स्ट्राइकर आर्मर्ड व्हीकल्स की खरीद को लेकर घोषणा की थी। इसके साथ साथ अतिरिक्त P-81 मेरिटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट के खरीद को लेकर भी ऐलान किया गया था। भारत ने पहले से ही C-130 J सुपर हरक्यूलिस, C-17 ग्लोबमास्टर III और पोजाइडिन एयरक्राफ्ट जैसे अपने हथियारों को इंटीग्रेट कर लिया है। इसके साथ ही CH-47F चिनूक MH-6OR सी हॉक, AH-64E अपाचे को भी इंटीग्रेट किया गया है। इसके अलावा दोनों पक्षों ने अगली यूएस-भारत एक्सीलेरेशन इकोसिस्टम समिट में सहभागिता को लेकर भी चर्चा की। इस मौके पर विदेश मंत्री जयशंकर ने रक्षा संबंधों को द्विपक्षीय संबंधों का आधार बताया, कहा ये केवल साझा हितों पर आधारित नहीं है लेकिन ये क्षमताओं और जिम्मेदारियों का एक समावेश भी है। बता दें कि फरवरी में पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को लेकर एक गहरी पार्टनरशिप आगे ले जाने की बात की थी। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हैं लेकिन लेकिन और भी बहुत कुछ किया जा सकता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*हम से तय होगा*
*ज़माने में बुलंदी का वक़ार*
*नोक-ए-नेज़ा से भी*
*हम नीचे नहीं देखेंगे*

-सफ़र नक़वी

isha



**आप अभी जहाँ हैं, उस बारे में जब आप बिलकुल स्पष्ट होते हैं, तो अनुभव का अगला स्तर खुद आपके लिए जाहिर हो जाएगा।**

– जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान

# अफ्रीका में फट रही धरती, बनेगा नया महासागर...

**इथोपिया में जमीन के नीचे वैज्ञानिकों ने सुनी 'धड़कन', बड़ा खुलासा**



वैज्ञानिकों ने एक नई रिसर्च में पाया है कि अफ्रीका में धरती के नीचे इंसानी दिल की धड़कन 'धक-धक' जैसे हलचल महसूस हो रही है। यह हलचल पूर्वी अफ्रीका के देश इथियोपिया के अफार क्षेत्र की जमीन के नीचे हो रही है, जो अफ्रीका को धीरे-धीरे दो हिस्सों में बांट सकती है। वैज्ञानिकों ने अपनी लंबी रिसर्च के बाद कहा है कि जमीन के नीचे से की ये हलचल भविष्य में महाद्वीप को चीरते हुए एक नया महासागर बना देंगी। हालांकि ऐसा होने यानी नया महासागर बनने में लाखों वर्ष लग सकते हैं।

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय की रिसर्च टीम ने पाया है कि इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नीचे पिघला हुआ मैग्मा ऊपर की ओर दबाव डाल रहा है। इसी दबाव को धड़कन की तरह से महसूस किया जा रहा है और इस हलचल से महाद्वीप टूट रहा है। रिसर्च बताती है कि अफ्रीका की जमीन के नीचे बढ़ रहा ये दबाव भविष्य में इसकी भौगोलिक स्थिति बदल देगा। यानी इससे एक नया महासागर बन सकता है।

### एक-दूसरे से दूर हो रहीं प्लेटें

अफ्रीकी देश इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नीचे की परत और मेंटल का अध्ययन करने वाली टीम का कहना है कि टेक्टोनिक प्लेटें जब एक दूसरे से दूर हटती हैं, तो जमीन खिंचती है और पतली होती जाती है। इस प्रक्रिया के लगातार चलने पर लाखों वर्षों में जमीन टूटकर अलग हो सकती है। ऐसे में एक नए महासागर बेसिन का निर्माण हो जाएगा।

रिसर्च टीम ने बताया है कि धरती के नीचे 'दिल की धड़कन' जैसी प्रक्रिया को समझने के लिए उन्होंने अफार क्षेत्र और मेन इथियोपियन रिफ्ट से ज्वालामुखी चट्टानों के 130 से ज्यादा नमूने इकट्ठा किए। रिसर्च टीम ने सतह के नीचे की परत और मेंटल का अध्ययन करने के लिए मौजूदा डेटा और उन्नत सांख्यिकीय मॉडल का भी इस्तेमाल किया।

### ये एक धीमी प्रक्रिया

अफार के नीचे बढ़ते हुए पदार्थ को मेंटल प्लूम कहा जाता है। रिसर्च के सह-लेखक डेविड कीर ने बताया है कि मेंटल प्लम इसके ऊपर टेक्टोनिक प्लेट के लिए जिम्मेदार होता है। इसका मतलब है कि प्लम क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग तरीके से फैलेगा। उन्होंने कहा कि नए महासागर का निर्माण एक बहुत ही धीमी प्रक्रिया है।

कीर ने कहा कि जमीन के नीचे की हलचल का सतही ज्वालामुखी, भूकंप गतिविधि और महाद्वीपीय विखंडन की प्रक्रिया की व्याख्या करने के तरीके पर गहरा प्रभाव पड़ता है। गहरे मेंटल अपवेलिंग टेक्टोनिक प्लेटों के आधार के नीचे बह सकते हैं। ज्वालामुखी गतिविधि को उस स्थान पर केंद्रित करने में मदद करते हैं, जहां टेक्टोनिक प्लेट सबसे पतली होती है।

New Delhi

# पति जिंदा पर विधवा पेंशन का लाभ, दिल्ली में 60 हजार महिलाओं को गलत मिल रहा पैसा: सर्वे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में हाल ही में किए गए एक सरकारी सर्वे में संकटग्रस्त महिलाओं के लिए मासिक पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गई हैं। यहां करीब 60,000 महिलाएं पेंशन के लिए अयोग्य पाई गई हैं। अफसरों ने बताया कि कई मामलों में कुछ लाभार्थी महिला उनके पति के जिंदा रहते हुए भी गलत ढंग से विधवा पेंशन ले रही थीं। वहीं कुछ महिलाएं ऐसी थीं जिन्होंने विधवा होने के बाद दोबारा शादी कर ली थी, लेकिन उन्होंने अपने नाम लिस्ट से नहीं हटवाए। अफसरों ने बताया कि नवंबर 2024 में महिला एवं बाल विकास



विभाग द्वारा दिल्लीभर में किए गए एक सर्वे के दौरान श्री कई लाभार्थियों के क्रेडेंशियल नहीं मिले। दिल्ली सरकार द्वारा डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं (विधवा पेंशन) को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका मकसद 18 साल से अधिक उम्र की विधवाओं, तलाकशुदा, अलग रह रही, छोड़ी गई या निराश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिनके पास जीविका का कोई पर्याप्त साधन नहीं है और जो गरीब व जरूरतमंद हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2007 की योजना के तहत 350,000 रजिस्टर्ड लाभार्थी थे। इस मामले से अवगत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम अब सूची से हटा दिए गए हैं।

Assam

## असम में 100 से अधिक होटलों पर छापा, 1000 किलो बीफ जब्त; 132 लोग हिरासत में



**गुवाहाटी, (एजेंसी)** असम में बीफ की अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए मंगलवार को पूरे राज्य में एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान 112 रेस्तरां और भोजनालयों में छापेमारी की गई और 1,084 किलो संदिग्ध बीफ बरामद किया गया। इसके आरोप में 132 लोगों को हिरासत में लिया गया है। असम के IGP (लॉ एंड ऑर्डर) अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध बीफ बिक्री को लेकर की गई है। कल रात तक यह छापेमारी जारी रही।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब राज्य में बीफ और मवेशियों को लेकर राजनीति गरमा गई है। पिछले महीने धुबरी, गोलपाड़ा और लखीमपुर जिलों में मंदिरों के पास संदिग्ध पशु अवशेष मिलने के बाद धुबरी में 150 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इन घटनाओं को ईद-उल-जुहा के समय माहौल बिगाड़ने की साजिश बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 को और सख्ती से लागू किया जाएगा।

असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 बीफ की खपत पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाता है, लेकिन कुछ सीमाएं तय करता है। बीफ की बिक्री हिंदू, जैन, सिख या अन्य गैर-बीफ खाने वाले समुदायों के बहुल इलाकों में या किसी मंदिर र या धार्मिक स्थल के 5 किमी के दायरे में प्रतिबंधित है।

New Delhi

## क्या अचानक हो रहे हार्ट अटैक से कोविड वैक्सीन का है कोई लिंक? AIIMS-ICMR की आ गई स्टडी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) और एम्स की ओर से की गई स्टडी से पता चला है कि कोविड-19 के बाद वयस्कों की अचानक हो रही मौतों का कोरोना वैक्सीन से कोई लिंक नहीं है.**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि युवाओं में हो रहे हार्ट अटैक और कोरोना वैक्सीन के बीच कोई लिंक नहीं है. मंत्रालय का कहना है कि आईसीएमआर की ओर से की गई स्टडीज में कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक के बीच किसी लिंक का पता नहीं चला है.

यह स्टडी ऐसे समय में सामने आई है जब देशभर में युवाओं में हार्ट अटैक से हो रही मौतों के मामले बढ़े है. आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल अचानक हो रही इन मौतों के पीछे का कारण समझने की दिशा में काम कर रहा है. इस स्टडी में जीवनशैली और पूर्व की स्थितियों को अचानक हो रही मौतों का प्रमुख कारण माना गया है.

Uttarpradesh

## बाइक के कागज मांगने पर दारोगा से मारपीट, फाड़ डाली वर्दी, एक गिरफ्तार-दो फरार

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर पुलिस पर हमले की घटना सामने आई है. नगराम इलाके में तीन दबंग गाड़ी के कागज मांगने पर दारोगा से भिड़ गए. उन्होंने दारोगा से न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि मारपीट कर उसकी वर्दी भी फाड़ दी. दबंगों ने दारोगा को गोली मारने की धमकी तक दे डाली. फिलहाल, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो फरार हैं. उनकी तलाश में टीमें लगी हैं.

आपको बता दें कि घटना सोमवार रात करीब 9 बजे की है, जब दारोगा अनुज भाटी, हेड कॉन्स्टेबल नितेश कुमार वर्मा के साथ एक मामले की विवेचना कर लौट रहे थे. तभी उन्हें बरकत नगर चौराहे के पास सड़क के बीच एक बिना नंबर प्लेट की बाइक खड़ी दिखाई दी. दारोगा ने



आसपास के लोगों से बाइक के मालिक के बारे में पूछताछ शुरू की. इसी दौरान पास में एक दुकान पर बैठे महेंद्र ने बाइक को राहुल नाम के युवक की बताई. दारोगा अनुज का आरोप है कि जब उन्होंने महेंद्र से बाइक के कागज मांगे, तभी गोसाईंगंज के साहनखेड़ा निवासी धर्मेंद्र उर्फ बीरू, राहुल और नरेंद्र भी वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे.

खेल

# भारत से बाहर होगा एशिया कप; पाकिस्तान भी खेलेगा, इस दिन हो सकता है दोनों का मुकाबला

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एशिया कप होगा या नहीं? मेजबानी भारत के पास है तो इसमें पाकिस्तान दिखेगा या नहीं? टूर्नामेंट भारत में ही होगा या किसी न्यूट्रल वेन्यू में कराया जाएगा? इन तमाम सवालों के आधिकारिक जवाब का इंतजार चल ही रहा है। वजह है भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों के बीच बड़े युद्ध की कगार पर खड़े थे। इन हालात में एशिया कप पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच, दो अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बड़े दावे किए गए हैं।**

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊहापोह की स्थिति की वजह से टूर्नामेंट के स्पॉन्सर्स और मीडिया पार्टनर्स की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। इसे लेकर एशियन



क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने बीसीसीआई को खत लिखा है। दूसरी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टूर्नामेंट 5 सितंबर से भारत से बाहर कराया जा सकता है। 7 सितंबर को चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की भिड़त हो सकती है।

स्पोर्ट्स तक की रिपोर्ट के मुताबिक, टूर्नामेंट का आधिकारिक शेड्यूल जारी होने में देरी को लेकर ACC ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) को खत लिखा है। उसमें जुलाई के पहले हफ्ते में बैठक कर शेड्यूल की घोषणा की मांग की है। खत में कहा गया है कि देरी की वजह से स्पॉन्सर्स और मीडिया पार्टनर्स चिंतित हैं। हालांकि, टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स ने भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दौरान एशिया कप का प्रोमो चलाया था। उससे ये संकेत तो मिला कि टूर्नामेंट तो होगा लेकिन प्रोमो के पोस्टर पर पाकिस्तान के कप्तान की तस्वीर नदारद रहने से ये अटकलें भी लगने लगीं कि वह इसमें शायद न दिखे।

इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि एशिया कप 2025 का शेड्यूल तकरीबन तय हो चुका है। टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरू हो सकता है। इसका आयोजन यूएई में होगा। टूर्नामेंट 17 दिन तक चल सकता है और फाइनल मुकाबला 21 सितंबर को खेला जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 7 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत हो सकती है।

टीओआई की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एशिया कप सुपर फोर्स फॉर्मेट में खेला जाएगा। पहले ग्रुप स्टेज के मैच होंगे और उसके बाद सुपर फोर के। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान ने अगर बढ़िया प्रदर्शन किए तो उनके बीच कम से कम 2 मैच देखने को मिल सकते हैं।

सिनेमा

## भोजपुरी एक्टर दिलीप कुमार साहू गिरफ्तार, 'क्रैडिट कार्ड से कैश' देने के नाम पर कर करता था स्कैम



भोजपुरी एक्टर-यूट्यूबर दिलीप कुमार साहू को क्रेडिट कार्ड स्कैम के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक्टर पर मुंबई के एक ड्राइवर के साथ 3.5 लाख रुपये का फ्रॉड करने का आरोप है। दहिसर साइबर पुलिस ने दिलीप कुमार को गिरफ्तार किया है और बताया कि भोजपुरी एक्टर यह स्कैम मुंबई के कई अलग-अलग इलाकों में लोगों के साथ किया था। इसमें मुंबई का कांदीवली और गोरेगांव जैसे इलाके शामिल थे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कौशांबी में भी उनके खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर को 28 जून को तब गिरफ्तार किया गया जब उनके उत्तर प्रदेश के कौशांबी में होने की खबर मिली। मुंबई की साइबर पुलिस उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर ले आई और अब उन्हें 1 जुलाई तक हिरासत में रखा जाएगा। भोजपुरी एक्टर का स्कैम तब खुला जब उन्होंने मुंबई के एक BEST (Brihanmumbai Electric Supply and Transport) ड्राइवर को चूना लगाया। बोरीवली के रहने वाले इस ड्राइवर ने सड़क पर विज्ञापन लगा देखा कि 'क्रेडिट कार्ड से कैश लीजिए'। इस विज्ञापन के नीचे एक नंबर लिखा हुआ था। ड्राइवर ने यह नंबर फोन में सेव कर लिया और 13 मई को इस पर फोन किया।

## Highlights

1. Dams in Coastal Karnataka deemed structurally safe amid monsoon
2. 4 killed, several injured after blast at firecracker unit in TN
3. Bomb threats spark tight security at four Karnataka airports
4. Amaravati to have Quantum Computing Centre by Jan 2026: Andhra CM
5. J&K attack meant to destroy tourism, incite religious unrest: EAM

# India's per capita debt of individual borrower rises significantly over last two years: RBI Report

**NEW DELHI, (Agency).** The per capita debt of individual borrowers in India has witnessed a sharp increase over the past two years, rising from ₹3.9 lakh in March 2023 to ₹4.8 lakh in March 2025, according to the financial stability report released by the Reserve Bank of India (RBI).

The report highlighted that this rise in debt levels has been primarily driven by higher-rated borrowers.

RBI stated, "At an aggregate level, the per capita debt of individual borrowers has grown from ₹3.9 lakh in March 2023 to ₹4.8 lakh in March 2025".

At an aggregate level, the growth in household debt has been supported by steady increases in housing loans, which formed 29.0 per cent of the total household debt as of March 2025.

While the growth in housing loans has remained stable overall, a deeper look at the data shows that incremental



growth is being led by existing borrowers.

These borrowers are availing additional loans, and their share has increased to more than one-third of the total housing loans sanctioned in March 2025.

The report also flagged a concerning trend of increasing loan-to-value (LTV) ratios. The share of borrower accounts with LTV ratios greater than 70 per cent is on the rise.

Additionally, delinquency levels remain elevated among lower-rated and more heavily leveraged borrowers, though these levels have declined considerably compared to the period during the COVID-19 pandemic.

India's household debt has been on an upward trajectory in recent years, mainly due to increased borrowing from the financial sector.

However, as of end-December 2024, household debt stood at 41.9 per cent of GDP at current market prices, which is still relatively low when compared with other emerging market economies (EMEs).

# Worked for 5+ years, still no salary: Ex-Good Glamm employees say they were 'ghosted'

**NEW DELHI, (Agency).** Former employees of the Good Glamm Group have accused the company of withholding their salaries since February 2025. At least two ex-employees took to LinkedIn this week to criticise the Darpan Sanghvi-led startup for delaying pending dues, alleging that while current staff continue to be paid, former employees are being "ghosted."

The Good Glamm Group declined to comment when HT.com reached out to the company for a statement. Sources with knowledge of the matter told HT.com that the company has reached a liquidity crunch and everything is being overseen by the lenders.



The Good Glamm Group is currently trying to raise funds to clear pending dues, sources said. Ex-employees say no salaries, no Form 16

Ritika Bhatia and Chirag Gandani shared similar grievances against the company, which owns brands such as The Moms Co, Sirona, MissMalini, POPxo, and others.

Gandani and Bhatia, both former employees of the Good Glamm Group, said their Form 16 has not been issued and gratuity payment has not been made months after they were shown the door. "After giving 5.6 years of my career, my energy, and loyalty to Good Glamm Group, this is how I (and many others) are being treated: Pending salary since Feb 2025; No Gratuity Settlement despite being legally eligible; No Form 16 issued till date," Gandani wrote on LinkedIn. He worked as a Senior Manager with the group till March 2025. Like Gandani, Ritika Bhatia too has a slew of complaints against the group. Both claim that repeated emails to HR have yielded no response. "Since January 2025, all we've received are the same copy-paste responses: 'Funds are being arranged. Lenders are not allowing cash to go out'," said Bhatia in her LinkedIn post. "Month after month. Zero accountability. Current employees are being paid. The business is running. But ex-employees have been completely ghosted — no replies from HR or senior leadership. No timelines. No closure," she added. Meanwhile, Indian Startup News reported last month that Oxyzo and HSBC, companies that lent money to the group, are now considering legal action against the startup to recover pending dues.

# पति के अफेयर-घरेलू हिंसा से परेशान महिला ने की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप, लिखा-झगड़े के फोटो-वीडियो युवती को भेजता था राहुल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया इलाके के खतरीखेड़ी निवासी 27 वर्षीय नेहा मालवीय ने घरेलू हिंसा और पति के अफेयर से परेशान होकर जहर खा लिया। उपचार के दौरान महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें पति राहुल पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और अफेयर के गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल निजी कंपनी में सेफ्टी इंजीनियर है।**

मृतका नेहा मालवीय ने सोमवार शाम अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। नेहा की मां सुनीता ने उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम को नेहा की मौत हो गई। मृतका का पोस्ट मार्टम आज कराया जाएगा। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

नेहा ने अपने सुसाइड नोट में पति राहुल मालवीय पर कंपनी में साथ काम करने वाली युवती वर्षा के साथ प्रेम संबंध होने का आरोप लगाया है। नेहा के मुताबिक, वर्षा के कारण पति-पत्नी में झगड़े होते थे और राहुल जानबूझकर उनके झगड़े के फोटो व वीडियो वर्षा को भेजता था। साथ ही, रिश्तेदारों से झूठ कहता था कि उनके पिता को मारती पीटती हूं। उनकी संपति को हड़पने के लिए ऐसा कर रही हूं। कोरोना कॉल में सास बीमार हुई तो बेटी और बेटे छोड़कर भाग जाते थे। तब मैंने ही उनका ध्यान रखा।

दो साल से ससुर बीमार हैं बिस्तर पर हैं। तब भी मैं ही ध्यान रख रही हूं। फिर भी झूठा इल्जाम लगाते हैं। पति घर से भगाना चाहते हैं। उसका अधिकार उस लड़की को देना चाहते हैं। एक लड़की के कहने पर हमारा झगड़ा होता है। समझाने जाती हूं तो मारपीट करते हैं। नंदोई और ननद भी इसमें पति का ही साथ देते हैं। इसके साथ ही कई तरह के आरोप नेहा ने अपने नोट में पति राहुल पर लगाए हैं।

मृतका की मां सुनीता ने पुलिस को बताया कि राहुल अक्सर नेहा के साथ मारपीट करता था। सोमवार को भी उसने नेहा को कॉल कर घर बुलाया और मारपीट की। जब मैं पहुंची, तब तक नेहा जहर खा चुकी थी। सुनीता ने यह भी कहा कि राहुल का वर्षा नामक युवती से अफेयर है, जो महू में राहुल के मामा के घर के पास रहती है। नेहा और राहुल का प्रेम विवाह करीब 10 साल पहले हुआ था। दोनों की एक सात वर्षीय बेटी भी है। बावजूद इसके, बीते कुछ समय से वैवाहिक जीवन में दरारें आ गई थीं। नेहा ने अपने सुसाइड नोट में यह भी लिखा कि वह घर की सारी जिम्मेदारियां निभा रही थी। सास-ससुर की सेवा से लेकर घर के काम तक। इसके बावजूद उस पर झूठे आरोप लगाए गए।

कनाडिया पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट और परिवार वालों के बयान के आधार पर पति राहुल मालवीय के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। पुलिस वर्षा और अन्य संबंधियों से भी पूछताछ करेगी जिनका जिक्र सुसाइड नोट में किया गया है।

### फूटी कोठी ब्रिज पर स्कॉर्पियो रोक बना रहे थे रील

# यूट्यूबर बताकर पुलिस से की बहस, स्कॉर्पियो जब्त कर चालान बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर रील बनाना दो युवकों को महंगा पड़ गया। स्कॉर्पियो गाड़ी पर बैठकर ब्रिज के बीचोंबीच इंस्टाग्राम रील बना रहे युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है।**

घटना फूटी कोठी ब्रिज की है, जहां अयान पुत्र जाकिर हुसैन निवासी सहयोग नगर और तोसिफ पुत्र फिरोज खान निवासी ए चंदन नगर स्कॉर्पियो (MP04-CQ-9387) पर बैठकर वीडियो शूट कर रहे थे। इस दौरान एक युवक बोनट पर बैठा था, जबकि दूसरा फोटो ले रहा था। इनकी वजह से ब्रिज पर यातायात बाधित हो गया और कई वाहन रुके रहे।

टीआई सुशील पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जब युवकों को हटने के लिए कहा गया, तो उन्होंने खुद को यू-ट्यूबर बताते हुए बहस शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दोनों युवक इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए यह स्टंट कर रहे थे। पुलिस दोनों युवकों को थाने लाई और स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया। अयान और तोसिफ पर ट्रैफिक बाधित करने और नियमों के उल्लंघन के तहत चालानी कार्रवाई की गई है। टीआई सुशील पटेल ने बताया कि इस तरह सार्वजनिक स्थानों पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित न हो।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक